न्यायालय उपखण्ड अधिकारी भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी–आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या	दायर दिनांक	निर्णय दिनांक
797 / 2024	07.08.2024	29.08.2024

उनवान

1. कैलाश पिता हेमा गुर्जर उम्र वयस्क निवासी दोवनी तह0 सवाईपुर जिला भीलवाड़ा

प्रार्थी

बनाम

1. बदाम पत्नी मांगु भील उम्र वयस्क निवासी दोवनी तह0 सवाईपुर जिला भीलवाड़ा
2. भोजा पिता हरजी गुर्जर उम्र वयस्क निवासी दोवनी तह0 सवाईपुर जिला भीलवाड़ा
3. श्यामलाल पिता देवा गुर्जर उम्र वयस्क निवासी दोवनी तह0 सवाईपुर जिला भीलवाड़ा
4. जगरूप पिता राजू गुर्जर उम्र वयस्क निवासी दोवनी तह0 सवाईपुर जिला भीलवाड़ा
5. नारायण पुत्र भूरा गुर्जर उम्र वयस्क निवासी दोवनी तह0 सवाईपुर जिला भीलवाड़ा
6. रूकमा पत्नी देबी गुर्जर उम्र वयस्क निवासी दोवनी तह0 सवाईपुर जिला भीलवाड़ा
7. हेमा पिता रजिया गुर्जर उम्र वयस्क निवासी दोवनी तह0 सवाईपुर जिला भीलवाड़ा
8. रतन दास पिता बंशीदास बैरागी उम्र वयस्क निवासी दोवनी तह0 सवाईपुर जिला भीलवाड़ा
9. राधेश्याम पिता बंशीदास बैरागी उम्र वयस्क निवासी दोवनी तह0 सवाईपुर जिला भीलवाड़ा
10. भोजा पिता देवा चमार उम्र वयस्क निवासी दोवनी तह0 सवाईपुर जिला भीलवाड़ा
11. मादू पिता भवाना चमार उम्र वयस्क निवासी दोवनी तह0 सवाईपुर जिला भीलवाड़ा
12. राजस्थान राज्य जरिये भू–धारक तहसीलदार सवाईपुर जिला भीलवाड़ा

–विपक्षीगण

उपस्थितः–अधिवक्ता प्रार्थी श्री सांवरमल जोशी

अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 11 उपस्थित नहीं

–: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम :–

–: निर्णय :–

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा दोवनी प0ह0 जीवा का खेड़ा भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र आकोला तहसील सवाईपुर जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2073–2076 के खाता संख्या 70 की अभिलिखित आराजियात 341, रकबा 0.3241 हैक्टेयर, खाता संख्या 205 की आराजी संख्या 343 रकबा 0.0864 हैक्टयर व खाता संख्या 50 की आराजी संख्या 350 रकबा 0.4105 हैक्टयर भूमि प्रार्थी की खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है और अप्रार्थीगण जैर–बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थी एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नही होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः

Ahlad

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

प्रार्थी खातेदारी आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराना चाहता है। प्रार्थी वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 11 उपस्थित नहीं। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थी अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना चाहते है। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन् किया एंव पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली में प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे आराजियात जैर बहस की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के कम में प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार होने से सीमांकन (पत्थरगढी) कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार सवाईपुर को सीमांकन(पत्थरगढी) कराने का आदेश दिया जाता है कि मौजा दोवनी प0ह0 जीवा का खेड़ा भू-अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र आकोला तहसील सवाईपुर जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2073-2076 की अभिलिखित आराजियात 341, 350, 343 कुल किता 03 कुल रकबा 0.8210 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढ़ी कार्य संपादन से पूर्व फरिकेन मुकदमा को सूचित किया जावे। पत्थरगढ़ी का आशय पक्षकारों की उपस्थिति में निशानात कायम करने भर से है। इस आदेश में किसी पक्ष की बेदखली व कब्जा देने की कार्यवाही नहीं की जाए तथा किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन(पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार सवाईपुर को 1000-00 अक्षरे एक हजार रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे, तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करे। तहसीलदार सवाईपुर को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावे। निर्णय आज दिनांक 29.08.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा